वर्षः 15 - अंक : 24, मुंबई, शुक्रवार, 9 मई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान




दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर



**बुधवार आधी रात को पाक ने भारत के 4 राज्यों के 15 शहरों पर किया हमला भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब, भारत ने पहली बार किया रूस निर्मित एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल, इसे कहा जाता है 'सुदर्शन चक्र'**

# लाहौर पर बड़ा हमला पाक का 'मिटना तय'

## कराची से लेकर लाहौर तक धुआं-धुआं

- 54 स्वदेशी ड्रोन ने पाक के 7 शहरों के सैन्य ठिकाने किए बर्बाद, कई शस्त्रागारों को मिट्टी में मिलाया
- लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम किया ढेर, रावलपिंडी के सैन्य मुख्यालय और स्टेडियम को भी उड़ाया

*■ भारतीय सेना ने दुनिया में साबित किया कि वह पाक में जहां चाहे वहां घुसकर दुश्मन को मार सकती है*

मुंबई हलचल/संवाददाता
नई दिल्ली। पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से बौखलाया पाकिस्तान बार-बार भारत को उकसाने की कोशिश कर रहा है। इस बीच आतंकियों को शरण देने वाला पाकिस्तान ने 8 मई की रात 8 बजे जम्मू में आत्मघाती ड्रोन से हमला कर दिया है। पर पाकिस्तान के इन सुसाइड ड्रोन्स को भारतीय वायु रक्षा मिसाइलों ने मार गिराया है। इसे लेकर रात 8 बजे से जम्मू-कश्मीर में ब्लैकआउट कर दिया गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## मुंबई में इन स्थानों की सुरक्षा बढ़ी

सुरक्षा के मद्देनजर मुंबई के सभी महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा बढ़ाई गई है। सिद्धिविनायक मंदिर, गेटवे ऑफ इंडिया, मुंबादेवी, भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, तारापुर परमाणु केंद्र सहित कई अन्य जगहों की सुरक्षा को और पुख्ता किया गया है। सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल, हार, फूल ले जाने पर पाबंदी लगाई जाएगी।

## कराची पोर्ट पर जवाबी हमला

पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कराची पोर्ट को तबाह कर दिया है। पाकिस्तान को उसकी नापाक बहुत भारी पड़ने वाली है।

## भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में दहशत

भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में अफरा-तफरी है! भारत के एक्शन से पाकिस्तान डरा हुआ है। भारत ने लाहौर, बहावलपुर, सियालकोट और इस्लामाबाद में जवाबी कार्रवाई की है।

## भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी

पाकिस्तान के हमले के बाद भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने ऐसी सामग्री पोस्ट नहीं करने को कहा है जो भारत की संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करती है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### आतंक का साया हटे

**आतंक के साये से मुक्ति मिले, यह भारतीय जन मानस की अपेक्षा है। आशा है कि ताजा सैन्य कार्रवाई इस आकांक्षा की पूर्ति तक जारी रहेगी और अब शुरू हुई कार्रवाई सचमुच आर-पार की साबित होगी।**

दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की दंश झेल रहे भारत ने अब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सशक्त संदेश भेजा है। पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तानी पंजाब में कई ठिकानों पर हमला कर दहशतगर्दियों और उनके संरक्षकों को दो टूक बताया गया है कि भारतीयों के खून बहाने की महंगी कीमत उनको चुकानी पड़ेगी। अब अपेक्षित यह है कि ये कार्रवाई सिर्फ एक संदेश देने तक सीमित ना रहे। 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में बालाकोट ऑपरेशन के जरिए भारत ने सख्त पैगाम दिए थे, लेकिन उनसे सीमा पार स्थित आतंकवादी ढांचों को खत्म नहीं किया जा सका। बेशक, इस बार की कार्रवाई उनसे बड़ी है और उससे पाकिस्तान में नुकसान भी ज्यादा हुआ है। अब जरूरत इसके जरिए इतना गहरा असर छोड़ने की है कि आतंकवाद के संचालक अपनी गतिविधियां स्थायी रूप से रोकने के लिए मजबूर हो सकें। यह संभव है कि मंगलवार रात हुए हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के प्रयास तेज हों और भारत पर कार्रवाई रोकने के लिए दबाव डाला जाए। इसलिए यह भारतीय कूटनीति की परीक्षा का भी वक्त है। यह अच्छी बात है कि मंगलवार रात अपनी सीमा में रहते हुए पाकिस्तानी ठिकानों पर हमला करने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने अनेक महत्त्वपूर्ण देशों से संपर्क कर उन्हें अपनी कार्रवाई के औचित्य के बारे में बताया। भारत को यह संपर्क लगातार बनाए रखना चाहिए। साथ ही देश को चौकस रखने की जरूरत है। पाकिस्तान के अधिकारी लगातार भारतीय कार्रवाई का जवाब देने की बात कर रहे हैं। भारतीय सेनाएं निश्चित रूप से ऐसी किसी कार्रवाई को सफल ना होने के लिए सतर्क होंगी। पाकिस्तान स्थित आतंकवाद के संरक्षकों को सबक सिखाने के मुद्दे पर पूरा भारत एकमत है। तमाम राजनीतिक दलों ने जिस तरह एक स्वर से भारतीय सेना की कार्रवाई का समर्थन किया है, वह उत्साहवर्धक है। आम जन का भी पूरा समर्थन भारतीय सेना के साथ है। असल में आतंक के साये से मुक्ति मिले, यह भारतीय जन मानस की अपेक्षा है। आशा है, कि ये कार्रवाई इस आकांक्षा की पूर्ति का लक्ष्य पूरा करने तक जारी रहेगी और अब शुरू हुई कार्रवाई सचमुच आर-पार की साबित होगी।

# किदवई नगर में भी अपराधियों के पीछे पड़ी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र की कर्तव्य निष्ठा, मुठभेड़ में शातिर गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** यहां अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले किदवई नगर पुलिस से मुठभेड़ में एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। पकड़ा गया अपराधी अब तक संगीन अपराधों की अनेक पदार्थों को भी अंजाम दे चुका है। इस मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए अपराधी का दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला जिसकी भी तलाश लगातार की जा रही है।

किदवई नगर पुलिस को यह महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब वह आयुर्वेद पार्क के सामने वाहन चेकिंग कर रही थी। मुठभेड़ में पकड़े गए शातिर बदमाश की पहचान हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के शिवजी पुलिया निवासी गोपाल उर्फ ढक्कल के रूप में हुई है। उस पर चोरी, लूट और छिनैती के लगभग 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अवगत कराते चलें कि जिस किदवई नगर पुलिस को इस शातिर अपराधी को जान जोखिम में डालकर की गई मुठभेड़ में गिरफ्तार करने जैसी महत्वपूर्ण सफलता मिली है। आजकल उस थाना किदवई नगर की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी



कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार राम के हाथ में है। सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके जुझारू इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार राम के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। इसी के साथ उनकी कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है, जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। उनकी अगुवाई में शातिर अपराधी गोपाल उर्फ ढक्कल को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी किदवई नगर प्रवास शर्मा, साकेत नगर के चौकी प्रभारी अभिषेक सोनकर, सब इंस्पेक्टर नीरज राजपूत, सचिन राणा, अंकुश चौधरी, प्रकाश कुमार तिवारी, प्रियांशु दीक्षित, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार कांस्टेबल मोहित कुमार और मो0 इरफान आदि शामिल रहे। इस शातिर बदमाश के पास से अवैध तमंचा, कारतूस और एक बाइक भी बरामद हुई है। इसके बाद अब उसके फरार साथी की भी तलाश की जा रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर: भारत की जवाबी कार्रवाई के समर्थन और आतंक के विरोध में उतरे कई देश

**नई दिल्ली/मुंबई।** भारत की ओर से पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर 6-7 मई की रात की गई एयर स्ट्राइक के बाद कई देशों ने भारत की जवाबी कार्रवाई का समर्थन करते हुए आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद की है। अमेरिका और इजरायल के अलावा कई देशों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वह आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ हैं। इसके अलावा कई देशों ने भारत और पाकिस्तान को शांति बरतने की अपील भी की है। दरअसल भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया और सीमा पार पीओके तथा पाकिस्तान के अंदर कई स्थानों पर आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाते हुए नौ उच्च-सटीक हमले किए।




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सैन्य प्रतिक्रिया को अपरिहार्य बताते हुए कहा, मुझे लगता है कि लोगों को पता था कि कुछ होने वाला है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि स्थिति जल्दी ही शांत हो जाएगी। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दो पड़ोसियों के बीच संभावित युद्ध को देखते हुए अपनी चिंता को दोहराया। इस बीच, वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने पुष्टि की कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भारत की कार्रवाई के पीछे के कारणों को समझाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री से बात की थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस बात पर जोर देते हुए कि दुनिया दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती, भारत और पाकिस्तान दोनों से संयम बरतने का आह्वान किया। भारत की सैन्य कार्रवाई का स्पष्ट समर्थन करते हुए, भारत में इजरायल के राजदूत रियुवेन अजार ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि की। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए कोई जगह नहीं है। इस मुद्दे पर चीन ने जहां भारत की कार्रवाई को अफसोसजनक बताया, वहीं आतंकवाद की निंदा भी की। चीनी विदेश मंत्रालय ने तनाव बढ़ने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ₹हम दोनों पक्षों से शांति और स्थिरता के व्यापक हित में कार्य करने, शांत रहने और ऐसी कार्रवाइयों से बचने का आग्रह करते हैं, जो स्थिति को और जटिल बना सकती हैं। वहीं तुर्की ने एक कदम आगे बढ़कर पाकिस्तान के साथ एकजुटता व्यक्त की और भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान को अकारण आक्रामकता करार दिया।

इसके अलावा रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बढ़ते सैन्य टकराव पर गहरी चिंता व्यक्त की और दोनों पक्षों से इस स्थिति से पीछे हटने का आग्रह किया। फ्रांस और जापान ने भी सैन्य संयम बरतने का आह्वान किया और समाधान के लिए संवाद को एकमात्र स्थायी मार्ग बताया। इसी तरह, यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने कूटनीति के महत्व पर जोर दिया और दोनों देशों से आगे के संघर्ष से बचने का आग्रह किया।

ऑपरेशन के बाद भारत अपने राजनयिक आउटरीच में सक्रिय रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कतर के पीएम मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जस्सिम अल थानी के साथ बात की है। इस बीच, एनएसए अजीत डोभाल ने अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब, यूएई, जापान, रूस, चीन और फ्रांस के अपने समकक्षों के साथ वार्ता की। इसके अतिरिक्त, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी और गैर-स्थायी दोनों सदस्यों को जानकारी दी है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर श्री सिद्धिविनायक मंदिर में की गई विशेष पूजा

**मुंबई।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा निर्दोष भारतीय पर्यटकों की हत्या की घटना के बाद भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर श्री सिद्धिविनायक मंदिर में आज सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक विशेष पूजा तथा आरती का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री सिद्धिविनायक मंदिर न्यास के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि निर्दोष भारतीय पर्यटकों की हत्या करने



वाले आतंकवादियों तथा उनके शिविरों को जिस तरह से नष्ट किया गया, उससे न सिर्फ सिंदूर उजाड़ने वालों को कड़ी सजा मिली अपितु उनके आकाओं को भी करारा जवाब मिला। उन्होंने कहा कि पूजा तथा आरती के माध्यम से हम सभी ने भगवान विघ्नहर्ता से मानवता की राह में विघ्न बन रहे आतंकवादियों के समूल विनाश की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाए जा रहे सख्त कदमों को देखते हुए, भगवान से उनकी अदम्य इच्छा शक्ति तथा साहस को निरंतर बनाए रखने की प्रार्थना की गई। ऑपरेशन सिंदूर को कामयाब बनाने वाले सेना के जवानों तथा उनके परिवारों के लिए भी प्रार्थना की गई। इस अवसर पर ट्रस्टी महेश मुदलियार, ट्रस्टी भास्कर शेट्टी, ट्रस्टी गोपाल दलवी समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया डॉक्टर बाबा साहब गोपले का जन्म उत्सव

**मुंबई।** मानखुर्द के साठे नगर इलाके में बड़े ही सौहार्दपूर्ण तरीके से डॉक्टर बाबा साहब गोप ले का जन्म उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मानखुर्द के अन्नाभाऊ साठे नगर वीर माता जिजाबाई भोसले मार्ग के समीप हुआ। हर साल की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम के आयोजक मातंग सेना के अध्यक्ष योगेश शिंदे ने इस मौके पर मौजूद महिलाओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मान दिया। डॉ बाबासाहेब गोपले का जन्म





उत्सव मातंग समाज के द्वारा मनाया जाता है। क्रांतिवीर डॉक्टर बाबा साहब गोप ले ने दलितों का खासकर मातंग समाज के लोगों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य किया। उन्होंने मातंग समाज को शिक्षा के प्रति जागरुक कर उनकी दशा और दिशा बदलने का कार्य किया। इस मौके पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। वही कुसुम ताई गोपले ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मौजूद महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। वही मातंग सेना के अध्यक्ष योगेश शिंदे के मंगलमय जीवन की कामना की।

# पुणे की समाजसेविका अश्विनी पाचारणे को 'महासागर उत्कृष्टता पुरस्कार 2025'

## मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री शिंदे के हाथों होगा सम्मानित

**पुणे।** स्नेहा उत्तम मडावी, पुणे समाज सेवा, सहयोग और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में श्रीमती के उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देते हुए। अश्विनी राजेंद्र पाचारने को प्रतिष्ठित महासागर उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रेस क्लब और आयोजकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह सम्मान मुझे समाज के लिए और अधिक समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है। अश्विनी की यात्रा खेड़ तालुका के साकुर्दी गांव से शुरू होती है। सामाजिक कार्यों की विरासत और माननीय के पति। राजेंद्र पाचारणे के सहयोग से अश्विनी ने सामाजिक, व्यावसायिक और सहकारी क्षेत्रों में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने



अरिकेट अलॉय इंडस्ट्रीज ओम साई इंडस्ट्रीज, लीलावती जेनेरिक मेडिकल, अरिकेट एलएमके फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी जैसी संस्थाओं के माध्यम से सैकड़ों लोगों को रोजगार और स्वास्थ्य सेवा प्रदान की। कोविड काल में उन्होंने जरूरतमंदों को रेमडेसिविर इंजेक्शन, खाद्य किट और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का कार्य पूरी निष्ठा से किया। उनका कार्य व्यापक है, जिसमें निर्वाचन क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर, 24 घंटे रोगी देखभाल, किसानों की समस्याओं का समाधान, शैक्षिक सहायता और महिला सशक्तिकरण पहल शामिल हैं। सहकारी क्षेत्र में उनके नेतृत्व को मान्यता देते हुए, उन्हें 2022 में राजगुरुनगर सहकारी बैंक के निदेशक के रूप में चुना गया। वह सांस्कृतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हैं और शरद कला क्रीड़ा सांस्कृतिक फाउंडेशन की पुणे जिला अध्यक्ष के रूप में काम कर रही हैं। श्रीमती अश्विनी के बहुमुखी कार्यों से उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र, समाज और अब राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल रहा है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ।




(पृष्ठ 1 का समाचार)

## कराची से लेकर लाहौर तक धुआं-धुआं

ऑपरेशन सिंदूर के बाद 7-8 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान ने फिर से दुस्साहस किया। भारत द्वारा आतंकियों पर की गई एयर स्ट्राइक के जवाब में पाकिस्तान ड्रोन और मिसाइल से हमला किया, लेकिन पाकिस्तान के सभी ड्रोन और मिसाइल बेअसर हो गए। मन में सवाल उठता है कि ये हुआ कैसे? दरअसल भारत के पास रशियन मेड एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम है। भारत ने एस-400 की 5 यूनिट रूस से 2021 में खरीदा था। इसके सभी युनिट को अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने दोपहर 2:30 बजे इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि 7 मई की रात पाकिस्तान ने अवंतिपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज में ड्रोन्स और मिसाइलें दागी थीं। भारत को पाकिस्तान से ऐसी हरकतों की आशंका थी, इसलिए एस-400 को एक्टिव कर दिया गया था। जैसे पाकिस्तानी ड्रोन्स और मिसाइल एस-400 के राडार में सभी नष्ट कर दिया। भारत की ओर से किए गए ड्रोन हमलों में पाकिस्तान के तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि उसके चार सैनिकों समेत आठ लोग घायल हो गए हैं। सेना ने दावा किया कि भारत की ओर से ड्रोन हमले में पाकिस्तान के कई इलाकों में भारी तबाही मची है। पाकिस्तान ने इससे पहले भारत के पंजाब, राजस्थान और जम्मू कश्मीर में मिसाइल और ड्रोन अटैक किया था जिसके जवाब में भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की है। भारत ने लाहौर और सियालकोट में ड्रोन हमला कर भारी तबाही मचाई है। इसके साथ ही भारत ने लाहौर में ड्रोन हमला कर पाक का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से तबाह कर दिया है। इससे पहले पाकिस्तान की ओर से ड्रोन, मिसाइल और रॉकेट से हमला किया गया था। बॉर्डर पहले 137 अतिरिक्त बटालियन भेजी गई थी। तीनों आर्म फोर्सेज को अलर्ट कर दिया गया है। इस बीच भारतीय सेना ने जैसलमेर में पाकिस्तान के एफ-16 को मार गिराया है। राजस्थान के सभी बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट कर दिया गया है। पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान हाई अलर्ट पर हैं। राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में एहतियातन ब्लैकआउट लागू किया गया है। साथ ही पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इससे पहले पंजाब के गुरदासपुर और राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक बिजली बंद रखने का निर्देश स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी किया गया था। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही पाकिस्तानी कांप रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर का गुरुवार को पाकिस्तानी शेयर बाजार पर जोरदार असर देखने को मिला है। पाकिस्तानी बाजार में ऐसा भूचाल आया कि स्टॉक एक्सचेंज को कारोबार बंद करना पड़ गया।

# रावलपिंडी सहित कई प्रमुख शहरों को भारतीय ड्रोन ने पहुंचाया भारी नुकसान, लाहौर में गूंजते रहे बड़े धमाके

## पाकिस्तान की नापाक कोशिश का भारत ने दिया तगड़ा जवाब

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ बुधवार, 7 मई को ऑपरेशन 'सिंदूर' को अंजाम दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को निशान बनाकर हमले करने की कोशिश की, जिसके जवाब में भारतीय वायुसेना के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमले को नाकाम कर दिया है। भारत की जवाबी कार्रवाई में रावलपिंडी, लाहौर और कराची जैसे प्रमुख शहरों के अलावा गुजरांवाला, चकवाल, अटक, बहावलपुर, मियानो और छोर में भारी नुकसान हुआ है।

### चीन ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

## हम आतंकवाद के खिलाफ



*बीजिंग। चीन ने सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करते हुए भारत और पाकिस्तान से शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देने की अपील की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने दोनों मुल्कों से संयम बरतने और अमन को बढ़ावा देने की गुजारिश की। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसे भारत-पाकिस्तान तनाव में चीनी जेट विमानों की किसी भी भूमिका की जानकारी नहीं है। यह बयान तब आया जब भारत ने एक दिन पहले पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मिसाइलों से एयर स्ट्राइक किया। लिन जियान ने साफ कहा कि चीन इस मसले से वाकिफ नहीं है और इस मामले की कोई खास जानकारी उनके पास नहीं है। उन्होंने इस मुद्दे पर और टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। चीन ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाने की कोशिश की है। लेकिन क्षेत्र में उसकी सैन्य मौजूदगी और सहयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं।*

## सिंगापुर की सलाह जम्मू-कश्मीर और पाक की यात्रा नहीं करें


सिंगापुर ने भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अपने नागरिकों को भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान की सभी गैर-जरूरी यात्राएं टालने की सलाह दी है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय (एमएफए) ने बुधवार को यात्रियों से विशेष रूप से पाकिस्तान और भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की यात्रा के प्रति सावधानी बरतने की अपील की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और पाकिस्तान में रहने वाले सिंगापुरवासियों को सतर्क रहने और व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी जाती है।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पहुंचे ईरान और सऊदी अरब

## राजधानी में भारत के विदेश मंत्री के साथ हुई बातचीत, भारत ने साफ किया अपना रुख

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद ईरान और सऊदी अरब के विदेश मंत्री भारत पहुंचे हैं। दोनों से गुरुवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बातचीत की। जिसमें उन्होंने अपने ईरानी समकक्ष और विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची को साफ कर दिया कि अगर पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की तो उसे उसका मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम हालात को खराब नहीं करना चाहते हैं। लेकिन अगर हम पर कोई सैन्य हमला होता है। तो हम उसका करारा जवाब देंगे। यहां बता दें कि बीते दिनों ईरान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान का भी दौरा किया था। उससे पहले उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को कम करने को लेकर मध्यस्थता की पेश की थी। डॉ. जयशंकर ने बातचीत में अराघची को पहलगाम आतंकी हमले के बारे में अवगत कराया। साथ ही कहा कि आप एक ऐसे समय पर भारत की यात्रा पर हैं। जब हम पहलगाम के कायरतापूर्ण आतंकी हमले का जवाब दे रहे हैं। इसके अलावा कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए केवल पाकिस्तान में मौजूद आतंकी अड्डों को निशाना बनाया है। इसमें किसी पाक सैन्य ठिकाने या नागरिकों पर हमला करने की कोशिश नहीं की गई है। पहलगाम के बाद हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विवश हुए हैं।



*ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर*

### तनाव कम करने की कोशिश



ईरान के साथ सऊदी अरब के विदेश मंत्री की भारत यात्रा का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कवायद का हिस्सा है। सऊदी विदेश राज्य अदेल अलीजुबैर ने जयशंकर से मुलाकात की। एक्स पोस्ट में उन्होंने इसका उल्लेख करते जयशंकर ने कहा कि आज सुबह सऊदी अरब के विदेश मंत्री राज्य मंत्री के साथ अच्छी बैठक हुई। मैंने आतंकवाद का दृढ़ता से मुकाबला करने के भारत के दृष्टिकोण को उनके साथ साझा किया।

### ब्रिटेन की संसद में ऑपरेशन सिंदूर की गूंज

## 'ये वही देश जहां लादेन छिपा था', सांसद प्रीति पटेल ने दिया समर्थन

**लंदन।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना अब दुनिया भर में हो रही है। ब्रिटेन की संसद में कंजर्वेटिव पार्टी की सांसद प्रीति पटेल ने भारत को समर्थन दिया है। प्रीति पटेल ने भारत के ऑपरेशन



सिंदूर के फैसले को सही बताया है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी रक्षा के लिए उचित और सही कदम उठाने का अधिकार है, साथ ही उस घृणित आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने का अधिकार है, जो उसे लगातार खतरे में डाल रहा है। प्रीति पटेल ने आतंकवाद को बढ़ावा देकर भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा पैदा करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की है। प्रीति पटेल ने आगे कहा, पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा हैं। यह वह देश था जिसमें ओसामा बिन लादेन छिपा हुआ था और भारत पर आतंकवादियों द्वारा की जा रही हिंसा के लंबे इतिहास के कारण, ब्रिटेन ने भारत के साथ लंबे सुरक्षा सहयोग समझौते किए हैं। प्रीति पटेल ने सरकार से वैश्विक आतंकवाद के खतरों से निपटने में ब्रिटेन के सहयोगियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन संबंधों को देखते हुए, ब्रिटेन सरकार को हमारे मित्रों और सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने में सबसे आगे रहना चाहिए, ताकि हम सामूहिक रूप से जिन आतंकवादी खतरों का सामना कर रहे हैं, उनसे निपटा जा सके।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद 'चिकन नेक' पर बढ़ाई गई चौकसी

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की मिसाइल स्ट्राइक के बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। ऑपरेशन 'सिंदूर' के इस जवाबी हमले के बाद एक बार फिर देश की सुरक्षा एजेंसियों की नजर उत्तर बंगाल के 'चिकन नेक' क्षेत्र पर है, जिसे सामरिक दृष्टि से भारत की सबसे संवेदनशील भौगोलिक कमजोरी माना जाता है।




### 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है 'सिलिगुड़ी कॉरिडोर'

उत्तर बंगाल के सिलिगुड़ी में स्थित यह संकीर्ण गलियारा 'सिलिगुड़ी कॉरिडोर' या 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है। यह भारत के मुख्य भूभाग को उत्तर-पूर्व के सात राज्यों से जोड़ता है। सबसे संकीर्ण हिस्से में इसकी चौड़ाई मात्र 20 किलोमीटर है। इस गलियारे की विशेषता यह है कि यह नेपाल, भूटान और बांग्लादेश—तीनों देशों की सीमाओं के बिल्कुल करीब है। विशेषज्ञों के अनुसार, यही वह क्षेत्र है जिसे निशाना बनाकर भारत को रणनीतिक रूप से अलग-थलग करने की साजिशें रची जाती हैं।

### पाक-चीन मिलकर कर सकते हैं टारगेट

सुरक्षा विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान चीन के साथ मिलकर इस क्षेत्र को टारगेट कर सकता है। यही वजह है कि ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद यहां चौकसी और बढ़ा दी गई है। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, सीमा पर मादक पदार्थों, हथियारों और नकली नोटों की तस्करी रोकने के लिए पहले से ही विशेष नजर रखी जा रही है, लेकिन अब निगरानी को और कड़ा किया गया है। सीमा की कमजोरियों का फायदा उठाकर आतंकियों की घुसपैठ की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जा रहे हैं।

## हमास स्टाइल में हमला कर रहा पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर पर हमले की कोशिश

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर में सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया में मिसाइल से हमला किया है। रक्षा सूत्रों ने बताया, केंद्रशासित प्रदेश से आ रही तस्वीरें बताती हैं कि यह हमास के अंदाज में इजरायल पर किए गए हमले के समान ही है। पाकिस्तान की सेना हमास आतंकी संगठन की तरह व्यवहार कर रही है। पाकिस्तान की 8 मिसाइलों के इस हमले को भारत की हवाई रक्षा प्रणाली ने तुरंत पहचान कर नाकाम कर दिया है। बीते महीने पीओके में हमास और आईएसआई की एक मुलाकात हुई थी। वहीं, पश्चिमी सीमा पर दुश्मन के कई ड्रोन दिखाई दिए हैं। जिनके खिलाफ उचित कार्रवाई की गई है।

### पाक के शेयर बाजार में भूचाल, 6000 से अधिक अंकों की गिरावट

*भारत की ओर से आतंकियों पर की जा रही कार्रवाई से पाकिस्तान में हाहाकार मच गया है। गुरुवार को पाकिस्तान के शेयर बाजार में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई और एक घंटे के लिए कारोबार रोक दिया गया। केएसई100 सूचकांक कारोबार रोके जाने से पहले 6,948.73 अंक यानी 6.32 प्रतिशत गिरकर 1,03,060.30 अंक पर आ गया। सूचकांक में गिरावट का मुख्य कारण सीमेंट, ऊर्जा, बैंक और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख शेयरों में नकारात्मक रुझान था, जिसने सामूहिक रूप से सूचकांक को नीचे खींच दिया। पाकिस्तान ने गुरुवार से कीमती धातुओं, आभूषणों और रत्नों के आयात और निर्यात पर 60 दिन का प्रतिबंध लगा दिया है। यह अस्थायी प्रतिबंध वाणिज्य मंत्रालय के आदेश द्वारा लगाया गया था, जिसमें 2013 के एसआरओ 760 को निलंबित कर दिया गया था, जो कीमती धातुओं के व्यापार को नियंत्रित करता है।*

# मॉडलिंग की दुनिया में बिलासपुर छत्तीसगढ़ की दामिनी देवांगन का जलवा

## मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 बनी, असम्भव कुछ भी नहीं, बशर्ते आप कोशिश करें: दामिनी

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** बिलासपुर की रहने वाली दामिनी देवांगन ने गोवा के कैंडोलिम बीच स्थित होटल सोनैस्टा इन में आयोजित नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट शो में मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 का खिताब जीतकर पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन एस. एस. फाउंडेशन, भिलाई द्वारा किया गया, जिसकी ऑर्गेनाइजर मिसेज शिखा साहू थीं। कार्यक्रम में बॉलीवुड सेलेब्रिटी महक चहल मुख्य अतिथि रहीं और ग्रूमिंग सेशन का नेतृत्व पुणे की ग्रूमर मिसेज पल्लवी कौशिक ने किया। दामिनी इससे पहले जनवरी 2025 में मिस छत्तीसगढ़ विनर भी रह चुकी हैं। वे फिलहाल एमबीए के अंतिम वर्ष की छात्रा हैं और प्रोफेशन से फार्मासिस्ट व मेकअप आर्टिस्ट भी हैं। दामिनी मॉडलिंग को अपने जुनून के रूप में देखती हैं और प्राइवेट जॉब के साथ-साथ मॉडलिंग को भी आगे



बढ़ा रही हैं। दामिनी के पिता नारायण देवांगन शॉप चलाते हैं, माता गृहिणी हैं, दो छोटे भाई कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। जनवरी 2025 से प्रोफेशनल मॉडलिंग में कदम रखने वाली दामिनी को परिवार का पूरा सहयोग मिला है। उनका सपना है कि वे प्रोफेशनल रनवे मॉडल बनें, एड और ब्रांड शूट्स करें और किसी प्रतिष्ठित ब्रांड की ब्रांड एंबेसडर बनें।

**परिवार की जिम्मेदारी भी**

दामिनी मध्यमवर्गीय परिवार से हैं और परिवार में बड़े होने की वजह से घर की जिम्मेदारी भी उन पर है। आत्मविश्वास से लबरेज दामिनी की उड़ान बड़ी ऊँची है। अपने जीवन में कुछ बड़ा कर गुजरने की ललक उनके दिल व दिमाग में है। उनका कहना है कि अब तक किसी को अपना आदर्श मानकर मैने यह मिसाल कायम की है और मै चाहती हूँ कि लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनूं। लोगों के लिए रोल मॉडल बनूं। दामिनी का कहना है कि जिंदगी में कोई भी चीज असम्भव नहीं हैं बशर्ते उसे पाने की कोशिश की जाए। उड़ान भरने के लिए सारा आकाश खुला है अपने सपनों को पूरा करने के लिए टूट पड़ें, जरूर सफलता आपके कदम चूमेगी।

# पाक ने 70 से 80 मिसाइलें दागी भारत के एस-400 ने ध्वस्त कीं

### पाक के एफ-16 विमान को मार गिराया

### जैसलमेर एयरबेस पर हमला भी नाकाम

मुंबई हलचल / जम्मू

शाम को जम्मू एयरपोर्ट पर पाक ने 8 मिसाइलें दागीं। लेकिन, भारत की एस-400 ने 8 पाकिस्तानी मिसाइलों को मार गिराया। कुपवाड़ा, सांबा, पुंछ व राजौरी में पाक की तरफ से भारी गोलाबारी की जा रही है। तंगधार में मोर्टार दागे गए हैं। जम्मू के आरएसपुरा इलाके में ब्लैकआउट किया गया है। जैसलमेर एयरबेस पर हमला नाकाम कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने पुष्टि की है कि जम्मू नागरिक हवाई अड्डे, सांबा, आरएस पुरा, अरनिया और पड़ोसी क्षेत्रों में पाकिस्तान से 8 मिसाइलें दागी गईं और सभी को एस 400 द्वारा उन्हें मार गिराया। जम्मू यूनिवर्सिटी में 3 ड्रोन ढेर किए गए। जम्मू में पाक के एफ-16 विमान को मार गिराया है। इस बीच सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उधर, धर्मशाला में आईपीएल मैच रोक दिया है। मैदान की फ्लड लाइड बुझा दी गई है। कच्छ में ब्लैक आउट है। पोखरण में भी मिसाइल गिरा दी गई। करीब 70 से 80 मिसाइलें गिरा दी गई हैं। भारत अब वड़ा वार करने की तैयारी है।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# प्रो. सविता इटकरकर को 'WDM नेटवर्क' विषय पर शोध के लिए डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त

**सांगली।** प्रोफेसर सविता इटकरकर ने श्रीधर यूनिवर्सिटी पिलानी विद्यापीठ से डॉक्टरेट पदवी प्राप्त की। सविता इटकरकर भारती विद्यापीठ महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय में सहयोगी प्राध्यापिका के पद पर पिछले 33 वर्षों से अपनी प्राध्यापिका की जवाबदारी बखूबी निभा रही हैं। उन्होंन इव्हॅल्युशन ऑफ द करंट वेव्हलेग्थ कन्वर्टर डिजाइन फ्रेमवर्क अँड इंप्वव्हूईटस कॅपॅबिलिटीज फॉर यूज इन डब्ल्यू डी एम नेटवर्क विषय पर आविष्कार संशोधन कर निबंध लिखा। इस संशोधन डॉक्टरेट पदवी हासिल करने के लिए डॉ. डी. एस. बंगारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सांगली जिले के अंकलखोप ग्राम के समाजिक कार्यकर्ता शामराव पाटिल और सौ उज्वला पाटिल की सविता इटकरकर बेटी है। चिंचनी (अंबक) ग्राम के निवासी



ओर भारती बैंक शाखा अंबक के अधिकारी विजय पाटील और उन की धर्मपत्नी चिंचणी अंबक ग्राम की सामाजिक सेविका सौ निता पाटील मॅडम ने सविता इटकरकर की बुवा सुशिला पाटील,जयराज पाटील विराज पाटील, और उन के पति अतुल ईटकरकर माता सौ उज्वला पाटील,पिता शामराव पाटील,भाई सुधीर पाटील एवं सत्यजित पाटील ने इस उपलब्धि पर सभी ने बधाई और शुभकामनाएं दी। सविता इटकरकर भारती बैंक शाखा अंबक के अधिकारी विजय पाटील के मामा की बेटी ममेरी बहन हैं, और उन का माइके अंकलखोप और सुसराल सवाळ्क आष्टा से भी उन्हें बधाईयां दी गई। अपने नौकरी पेशे के चलते वे पुणे के भारती विद्यापीठ महिला अभियांत्रिकी कॉलेज में बतौर प्राध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं।

# स्टार्टअप्स की एंट्री से अब मिल रही नई उड़ान 2040 तक चांद पर हमारे एस्ट्रॉनॉट छोड़ेंगे 'निशान'

## ग्लोबल कांफ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन को किया संबोधित



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल कांफ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भारत की अब तक की स्पेस जर्नी और आने वाले मिशनों को लेकर कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष सिर्फ एक मंजिल नहीं, बल्कि जिज्ञासा, हिम्मत और सामूहिक तरक्की की पहचान है। पीएम मोदी ने बताया कि जल्द ही एक भारतीय एस्ट्रॉनॉट इसरो- नासा के जॉइंट मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा करेगा। यह भारत की पहली ह्यूमन स्पेस फ्लाइट 'गगनयान' का अगला कदम है, जो देश की तकनीकी क्षमताओं और आत्मविश्वास को दर्शाता है। मोदी ने कहा कि भारत का लक्ष्य 2040 तक चांद पर अपने एस्ट्रॉनॉट्स के फुटप्रिंट छोड़ना है। इसके अलावा मंगल और शुक्र जैसे ग्रह भी भारत की अगली स्पेस प्लानिंग में शामिल हैं। 2035 तक भारत का खुद का 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' तैयार करने का प्लान है।

> 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' करेंगे तैयार

**पीएम मोदी ने बताया भविष्य का रोडमैप**




### महिलाएं बन रहीं हैं स्पेस मिशन की लीडर

पीएम मोदी ने बताया कि भारत के कई अहम स्पेस मिशन की अगुवाई महिला साइंटिस्ट कर रही हैं। यह बदलाव न सिर्फ वैज्ञानिक विकास बल्कि सामाजिक बदलाव की भी तस्वीर दिखाता है। उन्होंने बताया कि भारत में अब 250 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप्स हैं जो सैटेलाइट टेक्नोलॉजी, इमेजिंग, प्रोपल्शन सिस्टम जैसे सेक्टर में काम कर रहे हैं। इससे इनोवेशन को बढ़ावा मिल रहा है और देश को नई टेक्नोलॉजी मिल रही है।

### भारत की बड़ी उड़ान... चंद्रयान से मंगल तक

पीएम ने भारत की पिछली उपलब्धियों पर भी बात की, जैसे चंद्रयान-1 से चांद पर पानी की खोज, चंद्रयान-2 से हाई-रेजोलूशन इमेज और चंद्रयान-3 के जरिए साउथ पोल पर लैंडिंग। इसके साथ ही 2014 में भारत ने पहले ही प्रयास में मंगल तक पहुंच कर इतिहास रचा था।

### 'वसुधैव कुटुंबकम' से जुड़ा भारत का स्पेस विजन

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का स्पेस मिशन सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के भले के लिए है। 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच के साथ भारत बाकी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहता है। उन्होंने जी 20 सैटेलाइट मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि यह ग्लोबल साउथ के लिए भारत की बड़ी देन होगी। भारत अब सिर्फ स्पेस में उड़ान नहीं भर रहा, बल्कि वहां अपनी छाप छोड़ रहा है। मोदी का यह संदेश दुनिया को भारत की स्पेस ताकत और उसकी भविष्य के रोडमैप दोनों को दिखाता है।

### आमजन को भी फायदा

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि स्पेस टेक्नोलॉजी का फायदा देश की आम जनता तक पहुंच रहा है। जैसे फिशरमैन को अलर्ट देना, मौसम की सटीक जानकारी, रेलवे की सुरक्षा और गतीशक्ति जैसी सरकारी योजनाओं में सैटेलाइट का इस्तेमाल हो रहा है।

# एक अर्जी मुनीर के नाम

हे मुनीर बस एक बार,
तू वार हमारे ऊपर कर दे।
बम,बारूद और तोपों की,
धार हमारे ऊपर कर दे।
हे मुनीर बस एक बार,
तू वार हमारे ऊपर कर दे।

जोह रहे हैं वर्षों से,
कोई तो सीमा पार करे
पहले हमला करने खातिर
सेना को तैयार करे
पहले पहल चलाए गोली,
हम पर अत्याचार करे
जनम जनम से दिल में मेरे
सपने को साकार करे

युद्ध-प्यार में सब जायज,
ये प्यार हमारे ऊपर कर दे
हे मुनीर बस एक बार,
तू वार हमारे ऊपर कर दे

ढूंढ़ रहे हैं मौका बाबू,
फिर जज्बात बताएंगे
शेखचिल्लियों की सेना को
हम औकात बताएंगे
पिछली बार कदम रोके थे,
बकी रुक न पाएंगे
पेशावर, लाहौर,करांची
पर झंडा फहराएंगे


इतनी छोटी सी अर्जी
उपकार हमारे ऊपर कर दे
हे मुनीर बस एक बार,
तू वार हमारे ऊपर कर दे

कसम इंदिरा गांधी की
ऐसा कोहराम मचाएंगे
बटन सरीखी आंखों वाले
भी कुछ काम न आएंगे
चार-चार टुकड़े करवाकर
फिर गोदाम बनाएंगे
'पहलगाम का बदला'
पूरा पीओके ले आएंगे

द्वेष घृणा से भरा हुआ जो
जार हमारे ऊपर कर दे
हे मुनीर बस एक बार,
तू वार हमारे ऊपर कर दे।

**सुरेश मिश्र**

# हड्डियों से दिल तक की परेशानी का कारण है मैग्नीशियम



मैग्नीशियम एक ऐसा तत्व है जो शरीर में पर्याप्त मात्रा में होना बहुत जरूरी होता है। शरीर का आधे से ज्यादा मैग्नीशियम हमारी हड्डियों में पाया जाता है और यदि यही कम हो जाए तो हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और शरीर आस्टियोपोरोसिस नामक बीमारी का शिकार हो जाता है। इसके अलावा मैग्नीशियम की कमी से शारीरिक और मानसिक समस्याएं शुरु हो जाती हैं जैसे याद्दाश्त का कम हो जाना, नाखूनों पर सफेद धब्बे पढ़ना ,शरीर का अधिक थकान महसूस करना आदि। यदि हमारे शरीर में कोई अंदरुनी समस्या होती है तो अपने आप ही नाखूनों और त्वचा के बदलते रंगो से पता लगने लग जाता है।

## मैग्नीशियम की कमी से होने वाली परेशानियां

**हाइपरटेंशन और मधुमेह का जोखिम**

मैग्नीशियम रक्तचाप को कंट्रोल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शरीर में मैग्नीशियम की कमी हो जाएं तो डायबिटीज होने की संभावना भी अधिक होती है। इसलिए यदि मधुमेह और हाइपरटेंशन जैसी खतरनाक बीमारीयों से बचना है तो मैग्नीशियम का शरीर में सही मात्रा में होना अति आवश्यक है।

**सिरदर्द और अनिद्रा**

मैग्नीशियम की पर्याप्त मात्रा न लेने से सिरदर्द, अनिद्रा, तनाव आदि की शिकायत हो सकती है। इसलिये तनाव और अवसाद से बचने के लिए मैग्नीशियम का भरपूर मात्रा में सेवन कीजिए।

**दिल के रोग**

मैग्नीशियम दिल के लिए बहुत फायदेमंद है। यदि शरीर में मैग्नीशियम की कमी हो जाये तो दिल के दौरे का खतरा अधिक होता है। इसलिए दिल को मजबूत बनाने और दिल संबंधित रोगों को दूर करने के लिए मैग्नीशियम का सेवन करना चाहिए।

**गर्भावस्था के दौरान**

गर्भवती महिला के लिए मैग्नीशियम बहुत जरूरी है। गर्भवती महिला के शरीर में पल रहे बच्चे को प्रतिदिन 350-400 मिलीग्राम मैग्नीशियम की जरूरत होती है। यदि गर्भावस्था के दौरान मैग्नीशियम की कमी हो जाये तो बच्चे के विकास में बाधा हो सकती है।

**त्वचा में समस्याएं**

शरीर में मैग्नीशियम की मात्रा न सही होने पर त्वचा को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसकी कमी से घाव देरी से भरते है। त्वचा पर काले दाग- धब्बे, चकते जैसी समस्याएं हो जाती है।

**मैग्नीशियम के स्रोत**

साबुत अनाज, मछली, हरी पत्तेदार सब्जियां, सूरजमुखी के बीज, कद्दू के बीज, ब्राउन राइस, बादाम, दलिया, आलू, डेयरी उत्पाद, चॉकलेट, कॉफी, आदि मैग्नीशियम के अच्छे स्रोत हैं, इनका सेवन भरपूर मात्रा में कीजिए।

# कमर दर्द को ऐसे करें दूर, हर किसी के लिए कारगार हैं ये नुस्खे

ज्यादा देर तक बैठे रहने से और खानपान में बदलाव के कारण कमर दर्दजैसी समस्या होना आम है। पहले समय में उम्र के बढ़ने से ये सारी परेशानियां सुनने को मिलती थी लेकिन आज यह कम उम्र के लोगों में देखने को मिल रही हैं। कमर में दर्द के रहने के बहुत से कारण हो सकते है। इसकी मुख्य वजह बेतरतीब जीवनशैली और शारीरिक श्रम न करना भी हो सकती है। यह दर्द कमर के दोनों और कूल्हों तक भी फैल सकता है। इसके लिए आपको अपनी कुछ आदतों में बदलाव करने की जरूर है, तभी आप कमर दर्द जैसी परेशानी से बच सकते है। आप कुछ घरेलू तरीके अपनाकर भी कमर दर्द की समस्या से बच सकते है।

**कमर दर्द के अन्य कारण**

- मांसपेशियों पर प्रभाव
- वजन का बढ़ना
- गलत तरीके से बैठना
- ऊंची एड़ी के जूते पहनना
- गलत तरीके से बजन उठाना
- नर्म गद्दों पर सोना



**कमर दर्द से बचने के घरेलू उपाय**

- रोज सुबह सरसों के तेल में लहसुन की कलियां डालकर गर्म कर लें। ठंडा होने पर कमर की मालिश करें, आराम मिलेगा।
- नमक वाले गुनगुने पानी में तौलिया डालकर निचोड़ लें। पेट के बल लेटकर तौलिए से कमर को भाप दें।
- कढ़ाई में 2-3 चम्मच नमक डालकर इसे अच्छे से सेक लें। इस नमक को थोड़े मोटे सूती कपड़े में बांधकर पोटली बना लें। इस पोटली से कमर की सिकाई करें।
- अजवाइन को तवे के पर थोड़ी धीमी आंच पर सेंक लें। ठंडा होने पर धीरे-धीरे चबाते हुए निगल जाएं। कमर दर्द में आराम मिलेगा।
- योग भी कमर दर्द में सहायक होता है। भुजंगासन, शलभासन, हलासन, उत्तानपादासन, श्वसन आदि कुछ ऐसे योगासन हैं जो कमर दर्द में काफी लाभ पहुंचाते हैं।

# मौत का कारण बन सकती है आपकी एक छींक !



छींक आना स्वस्थ्य जीवन के लिए बहुत जरूरी होता है। कई लोग छींक रोक लेते हैं क्योंकि उन्हें पब्लिक प्लेस पर छींकना अच्छा नहीं लगता। छींक रोकना सेहत के लिए काफी हानिकारक हो सकता है। दरअसल, छींक हमारी जिंदगी और मौत से जुड़ी होती है, छींक इतनी तेज आती है कि इससे हमारी जान जाने का भी डर होता है। इसलिए छींक आने पर हमारे आस पास के लोग अक्सर हमें ह्यगॉड ब्लेस यू कहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आप छींक रोकते हैं तो इससे शरीर के दूसरे हिस्सों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। छींक रोकने पर इसका दबाव नाक और गले की कोशिकाओं पर पड़ता है, जिससे उन्हें नुकसान पहुंच सकता है। कई बार तो इसका असर दिमाग पर भी पड़ता है। छींक रोकने से कानों पर असर पड़ता है, जिससे ईयर ड्रम्स भी फट सकते है। छींकने से शरीर में होने वाले खतरनाक कीटाणु बाहर निकलते है लेकिन अगर आप छींक रोकते हैं तो यह शरीर के अंदर ही रह जाते है। इसके अलावा छींक रोकने से आंखों पर भी गहरा असर पड़ता है। छींक रोकने से दिल का दौरा जैसी बड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है।

# ऑफिस में लगते है नींद के झटके तो ऐसे करें दूर



अक्सर आफिस में लंच करने के बाद शरीर सुस्त होने लगता है और नींद आनी शुरू हो जाती है। ऐसे में आपको चाय-कॉफी का सहारा लेना पड़ता है। नींद आने का सबसे बड़ा कारण लंच टाइम में हैवी डाइट लेना है। अगर आप भी आफिस में सुस्ती के घेरे में घिर जाते हैं तो कुछ सिंपल से टिप्स फॉलो करें।

**1. ब्रेकफास्ट न करना**

कुछ लोग जल्दी ऑफिस आने के चक्कर में सुबह नाश्ता नहीम करते। अगर सुबह ही भारी नाश्ता करेंगे तो सारा दिन स्फूर्ती रहेगी। नाश्ते में दही,फल,जूस,अंड़े और ब्रैड का सेवन कर सकते हैं।

**2. एक्सरसाइज करें**

काम से थोड़ी-सी फुर्सत लेकर अपनी सेहत पर भी ध्यान दें। रोजाने एक्सरसाइज या योग जरूर करें। लिफ्ट का इस्तेमाल करने की बजाए सीढ़ियों का ही इस्तेमाल करें।

**3. आलू न खाएं**

आलू और ऐसी कोई भी चीज का सेवन लंच में न करें,जिससे शुगर लेवल बढ़ता हो। ऐसी चीजे खाने से नींद आती हैं।

**4. फास्ट फूड**

डिब्बा बंद भोजन में फैट बहुत मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें बहुत से ऐसे तत्वों का भी इस्तेमाल किया जात है जो सेहत के लिए हानिकारक है। कोशिश करें ताजा भोजन ही खाएं।

**5. मीठा**

ऑफिस में मिठाई,चावल,पेस्ट्री और हलवा जैसी चीजें न खाएं। इस चीजों के सेवन से नींद आती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# अरिजीत सिंह का अबू धाबी में होने वाला कॉन्सर्ट स्थगित

**गायक** अरिजीत सिंह का अबू धाबी में होने वाला कॉन्सर्ट, जो 9 मई को होने वाला था, स्थगित कर दिया गया है। गुरुवार को अरिजीत की टीम ने गायक के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स के साथ अपडेट शेयर किया। यह फैसला भारत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाने के बाद लिया गया है। अरिजीत के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा कि हाल की घटनाओं के कारण, हमने अबू धाबी में अरिजीत सिंह के लाइव कॉन्सर्ट को स्थगित करने का कठिन निर्णय लिया है, जो मूल रूप से 9 मई 2025 को एतिहाद एरिना, यास द्वीप में होने वाला था। हम इस दौरान आपके धैर्य, समर्थन और समझ की गहराई से सराहना करते हैं। हम आयोजन स्थल के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और नई तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी। पोस्ट में आगे लिखा गया है कि खरीदे गए सभी टिकट पुनर्निर्धारित तिथि तक वैध रहेंगे, या आप 12 मई 2025 से शुरू होने वाले 7 दिनों के भीतर पूर्ण धनवापसी का विकल्प चुन सकते हैं। आपके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, हम जल्द ही आपके साथ अविस्मरणीय यादें बनाने के लिए तत्पर हैं।



# सामंथा ने डेटिंग को कर दिया कंफर्म!

**सुपरस्टार** नागा चैतन्य और एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु एक समय में साउथ के पावर कपल माने जाते थे। लेकिन शादी के 4 साल बाद दोनों का तलाक हो गया और इनके अलग होने से हर कोई शॉक्ड रह गया। हालांकि, जहां एक तरफ तलाक लेने के बाद चैतन्य ने अभिनेत्री शोभिता धुलिपाल से डेटिंग के बाद पिछले साल शादी रचा ली हैं, तो वहीं उनकी एक्स पत्नी सामंथा भी अपनी अलग लाइफ एंजॉय कर रही हैं। पिछले कुछ महीनों से ऐसी अफवाहें उड़ रही हैं कि अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु फिल्म निर्माता राज निदिमोरू को डेट कर रही हैं, जो राज और डीके की जोड़ी का हिस्सा हैं। लेकिन दोनों में से किसी ने भी इस अफवाह को ना तो कंफर्म किया और ना ही खारिज। इसके अलावा उन्हें अक्सर एक साथ देखा भी जाता है। अब हाल ही में सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर राज निदिमोरू संग कुछ तस्वीरें शेयर की। जिसके बाद से उनके डेटिंग की अफवाहें और तेज हो गई हैं। दरअसल, उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, यह एक लंबी यात्रा रही है, लेकिन हम यहां हैं...नई शुरूआत।





# 21 साल बाद फिर से बड़े पर्दे पर लौट रही 'हम तुम'

**भारतीय** सिनेमा में कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो वक्त के साथ पुरानी नहीं होतीं, बल्कि हर बार नई पीढ़ी को वही ताजगी जुड़ाव महसूस कराती हैं। ऐसी ही एक फिल्म है हम तुम, जो 16 मई 2025 को एक बार फिर सिनेमाघरों में री-रिलीज होने जा रही है। रोमांस, हास्य और भावनाओं से भरपूर यह फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई थी और अब यह 21 साल बाद दर्शकों के दिलों की धड़कन बनने लौट रही है। कुणाल कोहली के निर्देशन में बनी हम तुम एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है, जिसकी कहानी आंशिक रूप से हॉलीवुड फिल्म **Whef Hrry Met Slly** से प्रेरित है। फिल्म की मूल कहानी करण कपूर (सैफ अली खान) और रिया प्रकाश (रानी मुखर्जी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी मुलाकात एक फ्लाइट में होती है। प्रारंभ में दोनों के बीच टकराव और मतभेद होते हैं, लेकिन किस्मत बार-बार उन्हें एक-दूसरे के करीब लाती है और धीरे-धीरे उनकी दोस्ती एक खूबसूरत प्रेम में बदल जाती है। फिल्म की कहानी समय के साथ चलती है, जिसमें रिश्तों का विकास, जीवन के उतार-चढ़ाव और दो विपरीत स्वभावों के लोगों के बीच बढ़ती नजदीकियों को बहुत संवेदनशीलता से चित्रित किया गया है। करण के किरदार में सैफ अली खान ने हल्के-फुल्के हास्य और भावनाओं के बीच संतुलन बनाए रखा, जबकि रिया के रूप में रानी मुखर्जी ने अपने मजबूत अभिनय से किरदार में गहराई ला दी।